## यूपीईएस ने 50 लाख के कोष की घोषणा के साथ महिला उद्यमियों के संग मनाया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

# स्टार्टअप को बढ़ावा देने लिए 50 लाख रूपए के कोष की घोषणा की

भास्कर समाचार सेवा

**देहरादून।** नारीत्व की भावना का जश्न मनाते हुए यूपीईएस ने शुक्रवार को महिला उद्यमियों की ओर से स्थापित स्टार्टअप का समर्थन करने के लिए रनवे कार्यक्रम के लिए 50 लाख रूपए के कोष की घोषणा की। इसके अलावा, विश्वविद्यालय ने पीएचडी कर रही 50 महिला स्कॉलर्स को भी अपना समर्थन देने का वादा किया। यूपीईएस में उनकी शैक्षणिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करने और उनके रिसर्च प्रयासों को सुविधाजनक बनाने के लिए उन्हें फ़ेलोशिप की पेशकश की। विश्वविद्यालय ने विशेष रूप से महिला सहायक कर्मचारियों के लिए व्यक्तिगत और व्यावसायिक विकास के प्रति अपने कमिटमेंट को पूरा करते हुए डिजाइन किए गए 2 लाख के बीमा कवर की भी घोषणा की।



महिला उद्यमियों के साथ सीएम पुष्कर सिंह धामी की पत्नी गीता धामी।

ये घोषणाएं 'आज की रानी' म्यूजिकल वीडियो के लॉच इवेंट में की गईं। प्रतिष्ठित बॉलीवुड गायक दलेर मेहंदी की ओर से गाया गया यह गीत महिला सशक्तिकरण की एक कलात्मक और संगीतमय अभिव्यक्ति है जो भारत की आधुनिक महिलाओं की ताकत और धैर्य का जश्न मनाता है। संगीत निशांत रामटेके द्वारा तैयार किया गया है और गाने के बोल यूपीईएस की प्रायोजक सोसायटी एचईआरएस के अध्यक्ष डॉ. शरद मेहरा ने लिखे हैं। यूपीईएस ने महिला बाइक रैली के साथ समारोह की शुरुआत की, जिसे प्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्ता और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की पत्नी गीता पुष्कर धामी ने सुबह 8:30 बजे 'महेंद्र ग्राउंड कैंट से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यूपीईएस के कुलपति डॉ. राम के. शर्मा ने कहा कि हम एक ऐसे माहौल को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं जहां महिलाएं आगे बढ़ें और अपने सभी प्रयासों में सफल हों। महिला दिवस कार्यक्रम और महिलाओं के नेतृत्व वाले स्टार्टअप के लिए 50 लाख के कोष जैसी पहलों के माध्यम से, हम हैं एक अधिक समावेशी और सशक्त समाज की दिशा में काम कर रहे हैं। म्यूजिक वीडियो 'आज की रानी' ने महिलाओं की ओर से निभाई गई विभिन्न प्रेरक भूमिकाओं को पूरी तरह से दर्शाया है।